रेलवे भर्ती सेल
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

भूतपूर्व सैनिकों की संविदा के आधार पर गेटमैन के पद पर भर्ती

रोजगार सूचना सं0–एनईआर/आरआरसी/ईएसएम/संविदा/2018/2 दिनांक–14.12.2018

1. **ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि:–26.12.2018 सायं 05.00 बजे तक।**
2. **रिक्तियों का विवरण:** वाराणसी मण्डल–380 पद, लखनऊ मण्डल–360 पद तथा इज्जतनगर मण्डल–96 पद (कुल 836 पद)
3. **चयनित भूतपूर्व सैनिकों का कार्यस्थल:–** चयनित भूतपूर्व सैनिकों को निम्न जिलों में स्थित समपार फाटकों पर नियुक्त किया जायेगा।

   I. **इज्जतनगर मण्डल:–**उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, मथुरा, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, एटा, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर, काशीराम नगर, हाथरस, बदायूँ, एवं बरेली तथा उत्तराखण्ड के चम्पावत, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल जिले।

   II. **लखनऊ मंडल:–** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, बलरामपुर, महराजगंज, बहराईच, लखीमपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, संतकबीर नगर, बाराबंकी, एवं लखनऊ जिले।

   III. **वाराणसी मंडल:–** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही, प्रयागराज(इलाहाबाद) एवं जौनपुर जिले तथा बिहार के सिवान, छपरा एवं गोपालगंज जिले।

नोट: चयनित भूतपूर्व सैनिकों को यथा सम्भव उनके निवास स्थान अथवा उनकी पसंद के स्थानों पर स्थित समपार फाटकों पर नियुक्त किये जाने का प्रयास किया जायेगा।

4. **आवेदन किस प्रकार करें:–** अभ्यर्थी लखनऊ, वाराणसी तथा इज्जतनगर मण्डलों में से किसी एक के लिए ही आवेदन कर सकते हैं। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में सभी आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध लिंक क्लिक करें। ऑनलाइन आवेदन के लिए नेवीगेशन लिंक www.ner.indianrailways.gov.in >> Contact Us >> Recruitment >> RRC है। किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी ई–मेल पते crrcner@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। **नोट:– केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।**
5. **आवेदन शुल्क:** शून्य
6. **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता:** मैट्रिकुलेशन(दसवीं) अथवा समकक्ष।

7. **मानदेयः** संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को ग्रेड पे 1800 (लेवल–1) वेतनमान के समतुल्य मानदेय देय होगा। वर्तमान दर पर यह मानदेय लगभग रूपये 25000 होगा।

8. **संविदा की अवधिः** संविदा की अवधि एक वर्ष होगी जिसकी भविष्य में बढ़ते रहने की सम्भावना है। तथापि रेलवे की आवश्यकता समाप्त हो जाने की दशा में अथवा कार्य संतोषजनक न पाये जाने की दशा में संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

9. **अधिकतम आयु सीमाः** 01.07.2019 की तिथि पर 65 वर्ष।

10. **चिकित्सकीय परीक्षाः** चयनित अभ्यर्थियों का रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सकीय परीक्षण किया जायेगा तथा ए–3 चिकित्सा श्रेणी में उपयुक्त पाये जाने पर उन्हें नियुक्ति दी जायेगी।

11. **चयन का आधारः** अभ्यर्थियों का चयन उनकी सैन्य सेवा की अवधि के आधार पर किया जायेगा

12. **कार्य के घण्टे, विश्राम एवं छुट्टियाँः** "सी" श्रेणी के समपार फाटक पर प्रतिदिन 12 घण्टे की शिफ्ट तथा अन्य समपार फाटकों पर प्रतिदिन 8 घण्टे की शिफ्ट में कार्य किये जाने का प्रावधान है। प्रति सप्ताह एक दिन का विश्राम देय होगा। संविदा पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को प्रति वर्ष 10 दिन का आकस्मिक अवकाश देय होगा। इसके अतिरिक्त अवकाश लेने पर मानदेय में आनुपातिक कटौती की जाएगी।

13. अभ्यर्थियों को प्रलेख सत्यापन हेतु अत्यंत कम समय की सूचना पर आवेदन की अन्तिम तिथि के उपरान्त कभी भी बुलाया जा सकता है। प्रलेख सत्यापन हेतु रिपोर्ट करने की तिथि, समय एवं स्थान पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट/संबंधित मण्डल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थी कृपया निम्न प्रलेखों की मूल प्रति एवं उनकी एक छायाप्रति के साथ प्रलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर रिपोर्ट करें:

    I. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट
    II. एक वैध फोटो पहचान पत्र
    III. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र
    IV. सेवा मुक्ति पुस्तिका (डिस्चार्ज बुक)
    V. दो अदद नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ

14.12.18

अध्यक्ष

रेलवे भर्ती सेल